## अफसर ही लगा रहे सरकार को चूना, सरकारी कार्यालयों में अटैच हैं बिना टैक्सी परमिट के वाहन

# जिपं, जपं, खनिज विभाग सहित अन्य सरकारी कार्यालयों में दौड़ रहे प्राइवेट परमिट के वाहन

सरकारी विभागों में टैक्सी पास की जगह पर निजी वाहन अटैच किए हुए हैं। जबकि नियम से विभाग में लगने वाले चार पहिया वाहन टैक्सी में पास होना अनिवार्य है। नियम की जानकारी सभी जिला अधिकारियों को है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिलेभर में सडक़ों पर बिना परमिट दौडऩे वाले वाहनों पर कार्रवाई पुलिस-प्रशासन व परिवहन विभाग के अफसर करते हैं, लेकिन यही अफसर बिना परमिट के वाहनों में सवार होकर दिनभर सरकारी कामकाज से इधर-उधर घूमते हैं। ऐसे कई सरकारी विभागों में अनुबंध पर लगे वाहनों में से अधिकांश पर टैक्सी परमिट तक नहीं है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिर इनके पर कार्रवाई कौन करेगा।

सरकारी विभागों में टैक्सी पास की जगह पर निजी वाहन अटैच किए हुए हैं। जबकि नियम से विभाग में लगने वाले चार पहिया वाहन टैक्सी में पास होना अनिवार्य है। नियम की जानकारी सभी जिला अधिकारियों को है। इसके बावजूद शासन के निर्देशों को ताक पर रखकर अधिकारियों ने निजी वाहन कार्यालय के उपयोग के लिए लगा रखे हैं। जिसकी वजह से परिवहन विभाग को हर साल लाखों रुपए राजस्व की हानि हो रही है।

जबकि टैक्सी में पास कराने के लिए लोगों को अधिक टैक्स जमा करना होता है। वहीं रजिस्ट्रेशन एवं फिटनेस की अलग से फीस जमा करनी होती है। निजी में पास कराने पर कम टैक्स लगता है, और आजीवन के लिए कोई झंझट नहीं रहता है।


सीहोर। जिला पंचायत कार्यालय में खड़ा निजी वाहन।


सीहोर। जनपद पंचायत सीईओ का प्राइवेट परमिट की कार।


सीहोर। खनिज भिभाग में भी चल रही प्रायवेट परमिट की कार।

### सरकारी कार्यालयों में दौड़ रहे 50 से अधिक निजी वाहन

बता दें कि शासन ने करीब एक दशक से सभी विभागों में टैक्सी वाहन लगाने के लिए सख्त निर्देश दिए हैं। इसके बावजूद भी जिले में जिला अधिकारियों ने 50 से अधिक निजी वाहन लगा रखे हैं। जबकि निजी वाहन अपने उपयोग में ले सकते हैं। ना कि किसी कार्यालय में लगा सकते हैं। कार्यालय में लगाना है तो उसका टैक्सी में पास होना आवश्यक होता है। अधिकारियों एवं वाहन मालिकों की साठगांठ के चलते निजी वाहनों को विभागों के कार्य के लिए लगाया गया है। निजी वाहन जिला पंचायत, जनपद पंचायत, खनिज विभाग सहित अन्य विभाग में लगे हुए हैं।

**30 से 50 हजार रुपए आता है खर्च :** यदि चार पहिया वाहन को टैक्सी में पास कराते हैं तो करीब गाड़ी की कीमत से करीब 8 से 9 प्रतिशत टैक्स जमा करना होता है। साथ ही रजिस्ट्रेशन फीस करीब 3 से 4 हजार रुपए, उसके उपरांत हर साल गाड़ी की फिटनेस करानी होती है। जिसमें करीब एक से डेढ़ हजार तक शुल्क जमा करना होता है।

### अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने लगा रखे हैं अपने निजी वाहन

जिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने भाई या रिश्तेदार के नाम से गाडिय़ां खरीद ली हैं, और अपने कार्यालय में ही गाडिय़ों को लगा रखा हैं। शासन वाहन लगाने पर 25 से 40 हजार रुपए प्रतिमाह भुगतान करता है। गाड़ी भी अधिकारी सामने रहती है, और देखरेख होती रहती है।

**परमिट के लिए यह है नियम :** निजी और टैक्सी वाहन की पहचान के लिए परिवहन विभाग ने इनकी नम्बर प्लेट को अलग कर दिया है। निजी वाहन पर सफेद प्लेट पर काले रंग से नंबर लिखे होते हैं, जबकि टैक्सी वाहनों की नंबर प्लेट पीली रंगी होती है। इसके साथ ही विभागों को टैक्सी नंबरों के साथ ही नियमानुसार अनुबंध करना होता है, मगर ऐसा नहीं होता है। अफसर अपने चहेते को टेंडर देने और खेल करने के लिए बिना टैक्सी नंबरों से अनुबंध कर लेते हैं।

### अधिकारियों का कहना

इस संबंध में जनपद सीईओ सीहोर नमिता बघेल का कहना है टैक्सी पास का वाहन उपलब्ध नहीं होने के कारण प्राइवेट वाहन लगाया गया है। प्राइवेट वाहन को टैक्सी पास में बदलने की कार्रवाई चल रही है।

इस संबंध में जिला पंचायत की सीईओ डॉ. नेहा जैन का कहना है कि टैक्सी पास की जगह सरकारी कार्यालयों में निजी वाहन लगे हुए हैं तो इसकी जांच कराकर कार्रवाई कराई जाएगी।

इस संबंध में जिला परिवहन अधिकारी रितेश तिवारी का कहना है कि शासकीय कार्यालय में विभाग अधिकारियों को टैक्सी पास के वाहन अटैच करना चाहिए। निजी वाहनों के अटैच करने से सरकार को राजस्व की हानि होती है।

## खबर संक्षेप

### अमानक बीज बेचने पर जैन कृषि सेवा केंद्र का लाइसेंस निलंबित

**भैरूंदा।** लाड़कुई के जैन कृषि सेवा केंद्र का बीज विक्रय लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। किसान कल्याण एवं कृषि विभाग सीहोर ने यह कार्रवाई बीज अधिनियम 1966 के उल्लंघन पर की है। उप संचालक कृषि अशोक उपाध्याय के आदेश पर यह निर्णय लिया गया। फर्म के खिलाफ बीज विक्रय में नियमों के उल्लंघन की शिकायतें मिली थीं। इसके बाद वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, पदेन उर्वरक निरीक्षक ने 19 जून को केंद्र का निरीक्षण किया।जांच में बीजों का संग्रहण और विक्रय तय मानकों के खिलाफ पाया गया। फर्म ने बीज विक्रय अनुज्ञप्ति की प्रति नहीं दी। बीज की गुणवत्ता संदेहास्पद पाई गई। बिना वैध बिल और लेबलिंग के बीज बेचे जा रहे थे। क्रय-विक्रय, स्टॉक रजिस्टर और कैश मेमो भी प्रस्तुत नहीं किया गया। जांच में यह भी सामने आया कि फर्म ने पंजीकृत बीज निर्माता कंपनियों के बीजों की जगह अन्य स्त्रोतों से प्राप्त बीज बेचे। इन सभी गड़बड़ियों के चलते कृषि उप संचालक ने कार्रवाई की। इसका मकसद बीज विक्रय में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करना है।

### भारतीय डाक विभाग की दुर्घटना पॉलिसी में 10 लाख तक का क्लेम

**सीहोर।** भारतीय डाक विभाग की इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में 396 रुपये सालाना की कीमत पर दुर्घटना पॉलिसी जारी की है। इस बीमा पॉलिसी में दुर्घटना मृत्यु स्थाई विकलांगता, आंशिक विकलांगता होने अथवा घटना में अंग-भंग होने या लकवा होने की स्थिति में दस लाख रुपए तक का क्लेम प्रदान किया जायेगा। दुर्घटना का शिकार होने पर अस्पताल में भर्ती बीमाधारक को आईपीडी इलाज के खर्च के लिए 60 हजार रुपये और मरहम पट्टी की जाने अथवा ओपीडी में इलाज की स्थिति में 30 हजार रुपये की राशि मुहैया कराई जाएगी। अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति में 60 हजार रुपये के अतिरिक्त 10 दिनों तक एक हजार रुपए भी प्रतिदिन दिए जाएंगे।

## कन्या महाविद्यालय की तीन छात्राओं ने यूजीसी-नेट परीक्षा में लहराया परचम


आयुषी मेहता


टीना परमार


बबली गौर

**सीहोर।** शासकीय कन्या महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग की तीन छात्राओं आयुषी मेहता, टीना परमार और बबली गौर ने यूजीसी-नेट की परीक्षा उत्तीर्ण कर महाविद्यालय, जिले और परिवारों का नाम रोशन किया है। राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष रहे प्रोफेसर राम विकास प्रजापति ने छात्राओं को उनकी इस सफलता पर शुभकामनाएं दी।

उन्होंने बताया कि तीनों छात्राएं कक्षा में नियमित रूप से उपस्थित रहती थीं, जो उनकी इस उपलब्धि का कारण बना। प्रो. प्रजापति ने बताया कि बबली गौर ने तो यह परीक्षा लगातार तीसरी बार उत्तीर्ण करने का कीर्तिमान स्थापित किया है। छात्राओं की इस सफलता पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मंजरी अग्निहोत्री सहित स्टाफ ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। बधाई देने वालों में इनमें गरिमा सिंह परिहार, डॉ. कालिका डोलस, डॉ. अनूप सिंह, डॉ. राजेश बकोरिया, अमित बैरागी, शिवम सक्सेना, देव सिंह मालवीय, डॉ. पूजा कश्यप, लखन कलेशरिया, रमाकांत रिछारिया आदि शामिल हैं।

**जिले में अब तक 451.1 मिलीमीटर औसत बारिश दर्ज :** जिले में बीते 24 घंटे में प्रातः 08 बजे तक 1.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 7.3, मिलीमीटर, श्यामपुर में 0.8, आष्टा में 0.0, जावर में 0.0, इछावर में 0.0, भैरूंदा में 3.0, बुधनी में 0.0, रेहटी में 0.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 1 जून से 22 जुलाई को प्रातः 8 बजे तक 451.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 424.6 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है। जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 420.6, मिलीमीटर, श्यामपुर में 406.1, आष्टा में 287.0, जावर में 306.0, इछावर में 381.3, भैरूंदा में 503.0, बुधनी में 674.9 तथा रेहटी में 631.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## पुलिया के नीचे मिला अज्ञात युवक का शव, भोपाल-इंदौर रोड पर जताखेड़ा गांव के पास लोगों ने देखा, पहचान नहीं हो सकी



**सीहोर।** जिले में मंगलवार दोपहर ग्राम जताखेड़ा स्थित भोपाल-इंदौर रोड पर पुलिया के नीचे पानी में एक अज्ञात युवक की लाश मिली। राहगीरों ने शव देखकर मंडी थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकाला और शासकीय अस्पताल भेजा। अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।

मंगलवार दोपहर लोगों ने जताखेड़ा गांव के पास हाईवे की पुलिया के नीचे पानी में शव तैरता देखा। इसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। खबर फैलते ही घटनास्थल पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए।

### 30 साल के आसपास है मृतक की उम्र

सीएसपी अभिनंदना शर्मा ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 30 साल के आसपास लग रही है। शव को शासकीय अस्पताल सीहोर भेजा गया है, जहां पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। फिलहाल शव की पहचान नहीं हो सकी है।

### पुलिस ने मर्ग कायम कर शुरू की जांच

मंडी थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मौत के कारणों का पता पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही लग सकेगा। पुलिस आसपास के थानों से गुमशुदगी की जानकारी भी जुटा रही है।

## कारगिल विजय दिवस मनाकर सैनिकों का किया सम्मान

# शहीदों की करो पूजा, तो हिंदुस्तान बदलेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कारगिल विजय दिवस समारोह का आयोजन शा. चंद्रशेखर आजाद पीजी कॉलेज सीहोर में किया गया। ए मेरे वतन के लोगों जरा आंखों में भर लो पानी.... राष्ट्रभक्ति गीत के साथ कार्यक्रम में 11 शहीद सैनिक परिवार जनों को शॉल श्रीफल से भव्य स्वागत /अभिनंदन करते हुए उपहार भेंट किए गए एवं उनके बलिदान को स्मरण किया गया।

शहीद सैनिकों के अध्यनरत बच्चों को प्रतिवर्ष अनुसार स्टेशनरी पैकेज भी वितरण किए गए । भोपाल से पधारे ब्रिगेडियर आर विनायक एवं डॉ. जयलक्ष्मी विनायक द्वारा कारगिल युद्ध के स्मरण सुनाए गए एवं प्रतिपल सैनिक परिवारों के हित में काम करने का संकल्प व्यक्त किया। जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा द्वारा सैनिक परिवारों की विभिन्न समस्याओं से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को अवगत करा कर समाधान का पूर्ण भरोसा दिया। प्रिंस राठौर नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा एक्स सर्विसमैन वेलफेयर सोसाइटी परिवार की भावना के अनुसार भारतीय शहीद सैनिकों की स्मृति में जिला मुख्यालय पर भव्य शहिद गैलरी स्थापित का वचन दिया।

वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी सनी महाजन द्वारा पूर्ण सहयोग का विश्वास जताया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से कैप्टन जे एन प्रसाद इंदौर, कैप्टन एस एस रावत देवास, के. एम शर्मा पूर्व जिला सैनिक कल्याण संयोजक सीहोर, उज्जैन संभाग प्रभारी लाखन सिंह राजपूत, उमाशंकर आर्य सूबेदार दिनेश गुप्ता, हवलदार मोहन सिंह चंद्र, , सचिव बलराम सिंह वर्मा कृष्णा मेवाड़ा, ज्ञान सिंह सोनिया ,सहित सीहोर, आष्टा भोपाल ,देवास, सुजालपुर, देवास,राजगढ़ आदि जिलों से 300 से अधिक सैनिक एवं परिवारजनों द्वारा उपस्थिति प्रदान की। संचालन सोसाइटी प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ सैनिक संतोष शर्मा द्वारा किया आभार जिला प्रभारी हवलदार मुकेश पेठारिया द्वारा किया गया।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
माह अगस्त 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट
नोट : 1 अगस्त से 31 अगस्त तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 25 जुलाई 2025 तक जमा कर सकते हैं।
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार 2 नग रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार 3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार 1100
नियम व शर्तें लागू
कार्यालय प्रति
पाठक का नाम ________ मो.नं. ________
पिता का नाम ________ जन्मतिथि ________
स्थान ________ जिला ________
एजेंसी का नाम ________
एजेंसी का पता ________ मो.नं. ________
नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।
हरिभूमि ग्राहक प्रति जन्मदिन उत्सव
पाठक का नाम ________ मो.नं. ________
पिता का नाम ________ जन्मतिथि ________
स्थान ________ जिला ________
एजेंसी का नाम ________
एजेंसी का पता ________ मो.नं. ________

## खबर संक्षेप




### लाड़कुई के अंकुर विश्वकर्मा ने एमपीएससी में पाई बड़ी सफलता

**भैरुंदा।** तहसील के ग्राम लाड़कुई निवासी अंकुर विश्वकर्मा पिता श्री दिनेश विश्वकर्मा, ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक प्राध्यापक परीक्षा 2022 में वनस्पति शास्त्र विषय में 20वीं रैंक प्राप्त कर गाँव और जिले का नाम गौरव से रोशन किया है। अंकुर ने बताया कि इस सफलता के पीछे उनके माता-पिता, गुरुजनों और निरंतर मेहनत का बड़ा योगदान रहा है। वे अब शासकीय महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक के रूप में अपनी सेवाएं देंगे।

### अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद की बैठक संपन्न



**बुधनी।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद बजरंग दल की बैठक प्रांत महामंत्री संजीव पटेरिया एवं प्रांत मंत्री के के तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में संगठन विस्तार को लेकर चर्चा की गई यशवंत साहू को राष्ट्रीय बजरंग दल का नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया उनकी नियुक्ति पर हिंदू पंकज जाट, कुबेर ठाकुर, रूप सिंह दायमा मोनू हिंदू, सनित ठाकुर, अंकित तिवारी, अनिल मेहरा, राधे अग्रवाल, सचिन मेहरा, मुकेश अहिरवार, हिमांशु मेहरा, राजेश मांझी, वीरू यादव, जितेंद्र साहू, विनोद गौर, निमंत राम प्रजापति, जितेंद्र ठाकुर, निलेश, मोहित, अंकित, दीपक, अभिषेक सिंह, चंदन सिंह, काशी यदुवंशी, विपिन ठाकुर, जीतू यादव, विशाल चौहान, शिवम, रोहित आदि ने बधाई दी।

### 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह के संबंध में बैठक आयोजित

**सीहोर।** 15 अगस्त को राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास, उमंग व उत्साह के साथ मनाने के लिए कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने जिला मुख्यालय सहित पूरे जिले में स्वतंत्रता दिवस के गरिमामय एवं भव्य आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह पुलिस परेड ग्राउंड में प्रातः 09 बजे आयोजित होगा। बैठक में कलेक्टर ने जिला स्तरीय समारोह के तहत ध्वजारोहण, परेड निरीक्षण, मार्च पास्ट, मुख्यमंत्री का संदेश का वाचन, प्रशस्ति पत्र वितरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, समारोह की रिहर्सल आदि के निर्देश दिए।

## सरकारी स्कूलों में नलों से पानी लाने और साफ-सफाई का कार्य कर रहे स्कूली छात्र-छात्राएं

# नौनिहोलों के भविष्य से खिलवाड़ः स्कूल में पढ़ने जाते हैं लेकिन शिक्षक विद्यार्थियों से लगवा रहे झाड़ू और पोंछा

सोमवार को हरिभूमि टीम सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक गुणवत्ता और सुविधाओं की हकीकत जानने के लिए क्षेत्र के कुछ सरकारी स्कूलों में पहुंची ।






**इछावर।** शासकीय हाई स्कूल में बच्चे इस तरह वाइपर से पढ़ाई करने की वजह गोबर साफ करते हुए



**इछावर।** शासकीय प्राथमिक स्कूल डाबरी में बच्चे पढ़ाई करने की वजह साफ-सफाई करते हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों को बेहतर और गुणवत्ता शिक्षा उपलब्ध कराने के सरकार भले ही लाख दावे कर रही हों, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है है। हालात यह है कि बच्चों को स्कूलों में पढ़ाई की बजाए झाड़ू, पोंछा और साफ सफाई करनी पड़ रही है। इतना ही नहीं शौचालय की सफाई से लेकर पानी की आपूर्ति तक की जिम्मेदारी इन मासूमों को ही उठानी पड़ती है। ऐसे में बड़ा सवाल यही है कि इन नौनिहालों का भविष्य ऐसे में कैसे संवरेगा? इसकी एक बानगी सोमवार को इछावर विधानसभा क्षेत्र के गांव डाबरी स्थित प्राथमिक और हाई स्कूल में देखने को मिली। खासबात यह सबकुछ प्रशासन की नाक के नीचे आएं दिन हो रहा है, लेकिन इसके बावजूद अधिकारी अनजान बने हुए है।

सोमवार को हरिभूमि टीम सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक गुणवत्ता और सुविधाओं की हकीकत जानने के लिए क्षेत्र के कुछ सरकारी स्कूलों में पहुंची । टीम ने सबसे पहले विधानसभा क्षेत्र के गांव डाबरी स्थित प्राथमिक और हाई स्कूल का जायजा लिया । इस दौरान स्कूलों में कुछ ऐसी तस्वीरे सामने आई जिसे आप भी देखकर हेरान हो जाएंगे । दरअसल प्राथमिक शाला में छोटे छोटे बच्चे झाड़ू लगा रहे थे , तो कुछ बच्चे हाथ में बाल्टी लेकर पेयजल की व्यवस्था के लिए हेडपंप पर जा रहे हैं थे । जब बच्चों से झाड़ू लगाने एवं पानी भरने के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि यह हमारा रोजाना का काम है , कितना ही नहीं हम जल्दी आकर स्कूल भी खोलते हैं हमारे यहां ना झाड़ू लगाने वाला कोई है ना पानी भरने वाला और ना ही स्कूल खोलने वाला हमारे शिक्षक बोलते हैं की बेटा आप लोग जल्दी आकर स्कूल खोलेंगे और बारी-बारी से रोज सब सफाई करेंगे ।

इसके बाद जब हाई स्कूल का जायजा लिया तो वहां बच्चे पोछा लगाते हुए बाथरूम साफ करते हुए मिले , बातचीत में उन्होंने भी यही कहा कि हमें रोजाना स्कूल में साफ सफाई सहित अन्य काम करना पड़ता है। हमारा आधा समय ऐसे ही गुजर जाता है । कुछ पीरियड लगते है उनमें भी शिक्षक नियमित नहीं आते हैं। इस कारण पढ़ाई प्रभावित हो रही है। बच्चों ने बताया कि अधिकारी कभी कभार स्कूल का निरीक्षण करने आते है तो उन्हें समस्याओं से अवगत कराया जाता है, लेकिन समस्या यथावत बनी हुई है।

### स्कूलों में मूलभूत सुविधाएं भी नहीं है

जनपद क्षेत्र के अधिकांश स्कूलों में पानी , बिजली और स्वच्छ शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं भी नहीं है। ऐसे में यहां पढ़ाई के लिए आने वाले विद्यार्थियों को कई परेशानियों से जूझना पड़ता है।

आलम यह है कि पेयजल आपूर्ति से लेकर शौचालय की साफ-सफाई स्वयं बच्चों को ही करनी पड़ रही है। ऐसे हालात में छात्र छात्राओं का भविष्य अंधकारमय बना हुआ है लेकिन इसके बावजूद जिला प्रशासन से लेकर कोई भी जिम्मेदार जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है।

### जांच कर की जाएगी करवाई

यहां मामला मेरे संज्ञान में आया है जांच कराई जा जा रही है दोषी पाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**संजय तोमर,** जिला शिक्षा अधिकारी सीहोर

## चार दिनों से मच्छरों के बीच सड़क पर रात गुजार रहे किसानों के सब्र का बांध टूटा, बिच सड़क ट्रैक्टर-ट्राली लगा धरने पर बैठे किसान

**मूंग खरीदी में देरी, किसान हुए नाराज़, वेयरहाउस का रास्ता किया जाम, मौके पर प्रशासन, समझाइश पर माने**



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

मूंग खरीदी मे किसानों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। भैरूंदा तहसील के अधिकतर उपार्जन केंद्रों पर किसानों के वाहनों की सड़को पर एक किमी तक लम्बी कतार देखने को मिल रही है। किसानों का कहना है चार, दिनों ऐसे ही सड़क किनारे ही रात गुज़ारनी पड़ रही है। मच्छरों से जहां किसान बीमार पड़ रहे हैं। तो वहीं किसी का बच्चा बीमार है, तो किसी के मां,बाप बीमार है। घर में उनकी देखभाल करने वाले कोई नहीं है। ऐसे में चार दिनों से लम्बी कतार में खड़े होने को मजबूर है।

ऐसे ही वासुदेव के रामानंद वेयरहाउस मे भी किसानों को चार से पांच दिन बीत गए। उनकी उपज की तुलाई नहीं हो सकी। सोमवार को नाराज किसानों ने वेयरहाउस के सामने ही बीच सड़क पर ट्रैक्टर ,ट्रालियां लगाकर वासुदेव, श्यामपुर मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। और बीच सड़क पर तिरपाल बिछाकर धरने पर बैठ गए। किसानों का कहना है बीते पांच दिनों से लम्बी लाइन में खड़े हैं। सड़क पर रतिजगा करना पड़ रहा है। लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही से ऊपज केंद्र पर मूंग तुलाई नहीं होने के कारण सभी किसान परेशान है। सभी किसानों ने एकजुट होकर सड़क पर उतरना पड़ा। और धरना प्रदर्शन कर चक्काजाम करना पड़ा। सुचना मिलते ही कृषि बिभाग के अधिकारी एवं गोपालपुर पुलिस ने मोके पर पहुंचकर किसानों को समझाइश दी समझाइश पर माने किसानों ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया।

### एसडीएम ने नोटिस जारी कर मांगा था जवाब

बीते शनिवार को जांच दल उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण करने रामानंद बेयर हाउस पहुंचा था। जांच दल की कृषि कार्यवाही मे 1800 बोरी अमानक मूंग मिलने एवं भौतिक सत्यापन का ऑनलाइन बिलिंग के मिलान मे भी अंतर पाया गया था साथ ही अमानक मूंग खरीदने सहित लापरवाही बरतने पर भैरुन्दा एसडीएम मदन सिँह रघुवंशी द्वारा बेयर हाउस संचालक, समिति प्रबंधक एवं सर्वेयर को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाव माँगा था।

### किसानों ने कहा बच्चा बीमार है, घर में देखरेख करने वाला कोई नहीं



गोपालपुर निवासी किसान ने कहा बीते पांच दिनों से लम्बी लाइन लगाकर मच्छरो के बिच सड़क पर ही रात गुज़ारनी पड़ रही है। वावजूद मूंग खरीदी नहीं होने से परेशान हैं। मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही। तो वही घर मे उनका बच्चा बीमार है। देखरेख करने वाला कोई नहीं। वे खुद भी बीमार हैं उन्हें इन्दौर डॉक्टर को दिखाने भी जाना था। पांच दिनों से लम्बी कतार में खड़े हैं। ऐसी स्थिति मे किसान करें तो क्या करें।



राजकुमार यादव निवासी सेमलपानी ने बताया कि चार दिनों से लम्बी कतार में खड़े हैं। दो दिनों से तो मूंग खरीदी नहीं हो सकी। कारण सर्वेयर नहीं है। रामानंद बेयर हाउस में तलाई नहीं हो रही है तो हमारा स्लाड दूसरे वेयर हाउस में ट्रांसफर किया जाए ताकि हमारी समय मूंग बेच सके। बेयर हाउस संचालक समिति प्रबंधन भी नहीं सुनते नया सर्वेयर आया है अब खरीदी करने का कहा गया है। इधर समिति प्रबंधक का कहना है की सर्वेयर नहीं होने के कारण खरीदी मे विलंब हुआ था अब नया सर्वेयर आया है। अब खरीदी शुरू हो जाएगी जिससे किसानों की परेशानी कम हो जाएगी।



## सीहोर लायंस क्लब के अध्यक्ष बने जयंत दासवानी, किया पौधारोपण

### फलदार पौधे लगाए और सुरक्षा का लिया संकल्प

**सीहोर।** लायंस क्लब सीहोर शहर में लगातार समाजसेवा के कार्य कर रहा है। इसी के साथ लायंस क्लब ने नई कार्यकारिणी का गणन भी किया है। वर्ष 2025-26 के लिए नई कार्यकारिणी गठित की गई। नई कार्यकारिणी में जयंत दासवानी को अध्यक्ष चुना गया। उन्होंने अपने कार्यकाल की शुरुआत पौधारोपण से की। साथ पौधारोपण कर पौधो की सुरक्षा का संकल्प लिया ताकि उन्हें पेड़ बनाया जा सके। वहीं जयंत दासवानी ने बताया कि उन्होंने शनिवार को हंगर एक्टिविटी भी की थी। हहंगर एक्टिविटी करेंगे, जिसमें सभी लायंस साथी भी मौजूद रहेंगे। साथ उन्होंने बताया कि वो स्वास्थ शिविर लगातार आयोजित - करेंगे।



जिसमें आंख, दांत, बीपी और शुगर की जांच भी की जाएगी। जयंत दासवानी ने यह भी बताया कि वो क्लब का विस्तार भी करेंगे और लियो क्लब भी शुरू करेंगे। जयंत दासवानी ने रविवार को दीपक फास्टनर कंपनी के परिसर में फलदार पौधे लगाकर विधिवत अपने कार्यकाल की शुरुआत की। वर्षा काल में निरंतर पौधारोपण करने की बात कही। उन्होंने करीब एक हजार पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। पौधारोपण के दौरान उनके साथ लायंस क्लब के सदस्य विनीत दुबे, अजय राय, कपिल जैन, प्रभजीत अरोरा, डा. धर्मेंद्र धनगर, डा. जायसवाल सहित अन्य लायंस के सदस्य मौजूद थे।

### पार्वती का जल लेकर आए कांवड़ियों ने कुबेरेश्वर धाम पहुंचकर किया जलाभिषेक

**सीहोर।** अच्छी बारिश की कामना को लेकर एक दर्जन से अधिक गांव के महिला-पुरुष पार्वती नदी का जल लेकर रविवार को ग्राम पार्वती से रवाना हुए। इस दौरान रास्ते में पड़ने वाले दर्जनों गांव के लोग यात्रा का स्वागत करने के साथ ही कांवड़ यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान ग्राम मुडलाकला में मुस्लिम समाज के लोगों ने कांवड़ यात्रा का स्वागत किया। कांवड़ यात्रा में पिपल्या नगर (रेल्वे स्टेशन पार्वती) ग्राम बावड़िया मैना, जंगी खेड़ी, खजूरी अलादाद, मुडलाकला, कराड़िया भील बिजौरा, बिजौरी, नयापुरा, बकतल,



कौड़िया छितु लोंदिया सहित दर्जनों ग्राम के लोग शामिल है। करीब 20 किमी की कांवड यात्रा के बाद रात्रि विश्राम फॉरेस्ट कॉलोनी गंज में किया। सोमवार की सुबह जुलूस के रूप में कुबेरेश्वर धाम के लिए रवाना हुए। राठौर धर्मशाला के पास राठौर समाज सहित अन्य समाज के लोगों ने भी कांवड यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कांवड यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले सभी शिवालयों पर जलाभिषेक करते हुए कुबेरेश्वर धाम पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भोले भंडारी से अच्छी बारिश, सुख समृद्धि और अच्छी फसल की कामना की। कुबेरेश्वर धाम के मुख्य द्वार के पास गुड़भेला में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा के पुत्र विष्णु वर्मा और लक्ष्मी नारायण वर्मा ने कांवड़ियों का स्वागत किया। जत्थे में शामिल डा. पूरण सिंह ने बताया कि यात्रा में हमारे आस पास के लोगों की खुशहाली के साथ अच्छी फसल और बारिश की कामना की है, ताकि किसान को अच्छी पैदावार मिल सके। हमारे पास भी पानी की कमी न रहे। नदी तालाब सब भरे रहे। निकली कावड़ यात्रा का नगर के प्रमुख मार्गों पर जगह-स्वागत किया गया।

## आज किया जाएगा ऑन लाइन पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक

# घर के मंदिर और दिल के मंदिर में भगवान शिव कल्याण करते हैंः पंडित प्रदीप मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शिवभक्तों की आस्था का केन्द्र कुबेरेश्वरधाम में सावन महीने हर रोज हजारों की संख्या में कांवड लेकर श्रद्धालु पहुंच रहे है। हर साल की तरह इस बार भी सावन में लाखों की संख्या में श्रद्धालु बाबा के दर्शन करने के लिए धाम पहुंचेंगे। इसके अलावा आगामी अगस्त माह में भव्य कांवड़ यात्रा को लेकर भी इस बार प्रशासन पूरी सतर्कता बरत रहा है। हर रोज शहर सहित आस-पास के क्षेत्र के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से कांवड लेकर धाम पर पहुंचे रहे है। बुधवार की रात्रि सात बजे से आन लाइन पार्थिव शिवलिंग पूजन का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर करोड़ों की संख्या में शिव भक्त शामिल होंगे।

वहीं कुबेरेश्वरधाम पर जारी पांच दिवसीय आन लाइन शिव महापुराण के दूसरे दिन अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहाकि घर के मंदिर और दिल के मंदिर दोनों में ही भगवान शिव कल्याण करते हैं। घर का मंदिर एक पवित्र स्थान है जहां हम पूजा-अर्चना करते हैं और दिल का मंदिर वह स्थान है जहां हम भगवान को अपने हृदय में स्थापित करते हैं। दोनों ही स्थानों पर भगवान भोले की कृपा से सुख-शांति और कल्याण की प्राप्ति होती है। हमारे मन और दिल को पवित्र करना है, तभी भगवान की कृपा प्राप्त होती है। भगवान शिव कल्याण स्वरूप हैं। शिव का अर्थ ही है कल्याण। जो प्राणी भगवान शिव की शरण में चला जाता है, चाहे वह कैसा भी हो, भगवान शिव उसको अपनाकर उसका कल्याण कर देते हैं।



वहीं उन्होंने कहाकि नहाए धोए हरि मिले, तो मैं नहाऊ सौ बार, भगवान केवल नहाने-धोने से मिलते, तो मैं सौ बार नहा लेता। लेकिन भगवान तो निर्मल हृदय से मिलते हैं, इसलिए मन की बुराइयों को दूर करना चाहिए। आपके निर्मल मन में ही शिव का वास हो सकता है। भगवान आपके विश्वास से प्रसन्न होते है। सावन मास में शिवरात्रि पर विश्व भर के सभी श्रद्धालुओं के द्वारा पार्थिव शिवलिंग बनाकर पूजन अर्चन का आयोजन किया जाएगा। दरअसल अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक प्रदीप मिश्रा ने जिला मुख्यालय के समीपस्थ प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम पर जारी पांच दिवसीय आन लाइन शिव महापुराण के माध्यम से यह संदेश दिया गया था कि सावन के पवित्र मास में बुधवार को मासिक शिवरात्रि पावन अवसर पर पार्थिव शिवलिंग बनाकर उनका रुद्राभिषेक किया जाएगा। सामूहिक रूप से किसी आराध्य की पूजा का तत्काल फल मिलता है। पूर्व में भी देश ही नहीं विश्व में भी श्रद्धालुओं के द्वारा करोड़ों पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण कर पूजन किया गया था, इस साल उससे दूगना उत्साह दिखाई दे रहा है।

**हर-हर महादेव, घर-घर महादेव :** हर रोज बड़ी संख्या में कावड लेकर जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में पहुंचकर भगवान शिव की भक्ति में सराबोर है और पूजा अर्चना कर रहे है। यहां पर नियमिति रूप से निशुल्क भोजन प्रसादी के अलावा शहर के अनेक स्थानों पर कांवड के श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क पेयजल, नश्ते और केले फलहारी की व्यवस्था की जा रही है। विठलेश सेवा समिति के द्वारा धाम पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए ठहरने और भोजन की व्यवस्था भी बड़े पैमाने पर की गई है। समिति के व्यवस्थापक पंडित समीर शुक्ला, पंडित विनय मिश्रा आदि के द्वारा व्यवस्था की जा रही है।

## काचीगुड़ा से भगत की कोठी ट्रेन का स्टॉपेज सीहोर स्टेशन होने पर किया स्वागत

**सीहोर।** कोरोना काल के बाद से सीहोर में कई ट्रेनों के स्टॉपेज बंद हो गए थे कुबेश्वर धाम मे दर्शन केलिए रोज देश के कोने कोने से आने वाले श्रद्धालुओं से सीहोर स्टेशन पर भारी भीड़ होने लगीं जिसे देखते हुए रेल उपभोक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेश सेन के प्रयास से सीहोर को प्रतिदिन चलने वाली एक और ट्रेन के स्टॉपेज की सौगात मिल गई है। काचीगुड़ा से भगत की कोठी ट्रेन का सीहोर में सोमवार से नियमित स्टॉपेज शुरू स्टॉपेज की मिली सौगात के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी का आभार जताया।

ट्रेन संख्या 17605 डाउन काचीगुड़ा (हैदराबाद) से भगत की कोठी (जोधपुर) जाने वाली ट्रेन का पहला स्टॉपेज मंगलवार से शुरू हुआ। यह ट्रेन सीहोर स्टेशन पर शाम 15:15 मिनट पर आई तो यात्रियों का उत्साह चरम पर था।

**इन स्टेशनों पर रहेगा स्टॉपेजः** इस ट्रेन से उज्जैन महाकाल जी, श्री पशुपतिनाथ जी मंदसौर तथा श्री हुजूर साहब गुरुद्वारा नांदेड़ में दर्शन करने जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए बड़ी सुविधा होंगी। ट्रेन काचीगुड़ा, निजामाबाद, नांदेड़, पुर्णा, हिंगोली, वाशिम, अकोला, मलकापुर, बुरहानपुर, खंडवा, इटारसी, नर्मदापुरम, रानी कमलापति, संत हिरदाराम नगर, सीहोर, मक्सी, उज्जैन,




रतलाम, जावरा, मन्दसौर, नीमच, चितौड़गढ़, भीलवाड़ा, बिजयनगर, नसीराबाद, अजमेर, ब्यावर, सोजत रोड, मारवाड़ जंक्शन, पाली मारवाड़, भगत की कोठी (जोधपुर) स्टेशनों पर रूखेगी। प्रथम दिन सीहोर स्टेशन पर ट्रेन रुकने पर रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य राजेन्द्र सिंह परमार जनपद सदस्य जितेन्द्र भाटी सरपंच आशीष मेवाड़ा विष्णु परमार नरेन्द्र परमार वीरेन्द्र ठाकुर परम जाट योगेश जाट सुमित जाट शुभम जी लोकेन्द्र हाड़ा मीडिया प्रभारी पंकज परमार नरेंद्र जितेन्द्र कुशवाह सभी लोगों ने लोको पायलट और सीहोर के स्टेशन मास्टर मिश्रा जी का फूल माला पहना कर स्वागत किया और यात्रियों ने मिठाई बांट कर खुशी जताई।


### तात्कालीन जिला शिक्षाधिकारी ने संयुक्त संचालक को भेजा था कार्यवाही के लिए प्रतिवेदन

# अनुकंपा नियुक्ति से सीधे बने व्याख्याता, न पीजी और न बीएड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

व्याख्याता के रूप में शिक्षा विभाग द्वारा जब तमाम तरह के नियमों को ताख में रखकर अनुकंपा नियुक्ति की गई तो फिर उस पर सवालिया निशान उठना तो बनता है। मामला नरसिंहगढ़ सांदिपनी उच्चतर माध्यमिक विधालय के वर्तमान प्रभारी प्राचार्य बीडी सक्सेना का है जिन्हें 1994 में अनुकंपा नियुक्ति देते हुए सीधे व्याख्याता बना दिया गया। विशेषज्ञों का मानना है कि राजपतित्रत अधिकारी की पोस्ट व्याख्याता पर कम से कम पोस्टग्रेजुएट होना एवं बीएड होना जरूरी है फिर भी कैसे सीधी नियुक्ति हो गई। कई अनुभवियों ने इसे पूर्व के नियमों एवं वर्तमान नियमों में हुए बदलाव से जोड़कर भी बताया। संदेह तब बढ़ जाता है कि 20 साल बाद 2014 में जब संयुक्त संचालक ने जिला शिक्षा अधिकारी को जांच कर प्रतिवेदन का बोला एवं उस प्रतिवेदन पर संज्ञान लेते हुए संचालक लोक शिक्षण को नियुक्ति को नियमानुसार न होना बताते हुए पत्र लिखा।


VIKRAM UNIVERSITY, UJJAIN



### संयुक्त संचालक ने कार्यवाही के लिए लिखा था पत्र

शिकायत को आधार मानते हुए संयुक्त संचालक लोक शिक्षण भोपाल ने तात्कालीन जिला शिक्षाधिकारी राजगढ़ के जांच प्रतिवेदन के आधार पर व्याख्याता पद पर बीडी सक्सेना की अनुकंपा नियुक्ति को प्रथम दृष्ट्या नियमानुसार नहीं मानते हुए संचालक लोक शिक्षण को पत्र लिखा था। इसके बाद भी विभाग ने मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया।

### ग्रेजुएशन की मार्कशीट भी संदेह के घेरे में

जानकार बताते हैं कि प्रभारी प्राचार्य सक्सेना की उस समय की प्रायवेट तौर पर की गई ग्रजुऐशन की मार्कशीट में कई जगह टायपिंग को लेकर संदेह हो रहा है। जैसे यूनिवर्सिटी के मोनो पर ही टायपिंग कर दी गई ऐसा कभी देखा नहीं गया। फिर इनके स्वयं के नाम में भी जिग-जेग पैटर्न दिख रहा है इसकी जांच होना चाहिए। प्रभारी प्राचार्य बीडी सक्सेना से जब बात की गई तो उन्होंने नियुक्ति को नियमानुसार बताते हुए संयुक्त संचालक की जांच में भी निर्दोष साबित होने की बात कही।

### शिक्षा जगत के एक्सपर्ट बोले

व्याख्याता जैसा पद बिना पोस्टग्रेजुएशन एवं बीएड के बिना नहीं दिया जा सकता। अनुकंपा में भी ऐसा कोई सीधा प्रावधान नहीं है कि राजपत्रित अधिकारी पोस्ट पर नियुक्ति दी जाए।

**एसएन भट्ट**
शिक्षक बालिका हा से स्कूल करनवास

पीजी और बीएड होना अनिवार्य है, साथ ही व्याख्याता पद पर सीधी नियुक्ति अनुकंपा में कहीं देखने नहीं मिली।

**निसतोर तिरकी**
शिक्षक बालिका हासे स्कूल करनवास

पीजी भी सेकेण्ड क्लास में होना जरूरी है एवं बीएड की डिग्री भी। यह अपवाद ही होगा जब कोई इन सबके बिना व्याख्याता जैसे पद पर नियुक्त हो जाए।

**दिलीप शर्मा,** बीईओ ब्यावरा

# कार्यों में लापरवाही पर 3 अधिकारियों का वेतन रोका, 1 पर लगाया जुर्माना

### समय सीमा बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के विभिन्न विभागों के कार्यों में पारदर्शिता सहित कामों को अविलंब निपटाने कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ई-ऑफिस व्यवस्था को प्राथमिकता एवं गंभीरता से लेकर चल रहे हैं। सोमवार को कलेक्टोरेट सभागार में आयोजित टीएल बैठक में ई-ऑफिस व्यवस्था में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर ने सुठालिया एवं जीरापुर तहसीलदार का वेतन रोकन के निर्देश प्रदान किए।

बैठक में उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी ई-ऑफिस व्यवस्था को गंभीरता से समझें। अब नस्तियों का संचालन मेनुअल की बजाय ई-ऑफिस से ही किया जाए। विभागीय अधिकारी ई-नस्तियों को कम्प्यूटर ऑपरेटरों के भरोसे न छोड़ें बल्कि सिस्टम को स्वयं ऑपरेट करें। टीएल बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री हेल्पलाईन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की स्थिति की भी समीक्षा की। समीक्षा के दौरान समग्र की शिकायतों का संतुष्टीपूर्वक निराकरण न करने पर सामाजिक सुरक्षा अधिकारी राजगढ़ एवं नरसिंहगढ़ का वेतन रोकने एवं तहसीलदार खिलचीपुर पर 5 हजार रूपये रेडक्रॉस जुर्माना अधिरोपित करने की कार्यवाही की गई। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का समय सीमा में संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया जाए। इसके साथ ही राशन दुकानों में स्टॉक का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश भी सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को दिए गए।

### दो अधिकारियों को नोटिस जारी

सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टीपरक निराकरण में लापरवाही पर डीएम नान, प्रधानमंत्री सड़क महाप्रबंधक को नोटिस जारी करने एवं जनपद पंचायत खिलचीपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का वेतन रोकने के निर्देश भी कलेक्टर द्वारा दिए गए। बैठक में कलेक्टर ने पिछले सालो में पीएचई द्वारा नरसिंहगढ़ क्षेत्र में किए गए कार्यो का टीम गठित कर जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि सहकारिता उपायुक्त, सीसीबी अधिकारी, डीएसओ रोस्टर बनाकर सभी राशन दुकानों का निरीक्षण करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मण्डराह सहित विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

### नगर पालिका सीएमओ को सौंपा अपना मांग पत्र

# बाड़िया गांव के घरों में नल कनेक्शन की मांग लेकर पहुंची महिलाएं



**राजगढ़।** परिसीमन प्रक्रिया के तहत राजगढ़ नगर के आसपास के कुछ गांवों को नगर पालिका परिषद के वार्डों में जोड़ लिया गया है। पंचायत क्षेत्र में नगर पालिका के वार्ड में जुड़ने के बाद बाड़िया गांव के लोगों को आस थी कि अब उन्हें सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत आवश्यकताओं के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। लेकिन, इस गांव के लोगों के घरों में आज भी नल कनेक्शन नहीं हो पाए हैं।

उल्लेखनीय है कि बाड़िया गांव को नगर पालिका के वार्ड क्रमांक-1 में जोड़ा गया है। गांव स्थित पानी की टंकी से महिलाओं को पानी भरना पड़ता है। इसके साथ ही गांव की आबादी के लिहाज से यह पानी की टंकी भी छोटी पड़ रही है। इस समस्या से निजात के लिए लिए गांव की कईं महिलाएं सोमवार दोपहर नगर पालिका कार्यालय पहुंची और अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया। अधिकारियों को सौंपे गए मांगपत्र में उल्लेख है कि गांव में नगर पालिका की ट्यूबवेल लगी हुई है। इस ट्यूबवेल से पानी की टंकी भरी जाती है, जहां से पूरा गांव के महिलाएं पानी भरने आती हैं। लेकिन, गांव की आबादी के हिसाब से यह पानी की टंकी बहुत छोटी है। ऐसे में गांव के हर घर में नल कनेक्शन करवाने की मांग महिलाओं द्वारा की गई। नगर पालिका के जिम्मेदारों ने समस्या के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया है।

# दस्तक अभियानः स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर करेंगी बच्चों की जांच

### 22 जुलाई से आरंभ होकर 16 सितंबर तक चलेगा अभियान



**राजगढ़।** बच्चों में होने वाली विभिन्न बीमारियों एवं कुपोषण की पहचान करने के उद्देश्य 22 जुलाई से जिले में दस्तक अभियान की शुरूआत होने जा रही है। यह अभियान आगामी 16 सितंबर तक चलेगा। सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल द्वारा सोमवार दोपहर एक मीडिया कार्यशाला आयोजित कर इस अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने अभियान से संबंधित महत्वपूर्ण आंकड़े, सफलता की कहानियां और जमीनी स्तर पर आने वाली चुनौतियों से भी मीडिया को अवगत कराया।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एलपी भकोरिया ने जानकारी देते हुए कहा कि दस्तक अभियान अन्तर्गत स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर बच्चों की स्क्रीनिंग की जाएगी। इसमें जन्म से 5 साल तक के बच्चों में निमोनिया, दस्त रोग, कुपोषण, एनीमिया और अन्य सामान्य बीमारियों की पहचान करते हुए उन्हें तुरंत उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही बच्चों की टीकाकरण की स्थिति को भी पता किया जा रहा है।

### समुदाय में जागरुकता बढ़ाना भी अभियान का उद्धेश्य

डॉ. भकोरिया ने कहा कि अभियान के तहत बच्चों के परिजनों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही यह अभियान सिर्फ बीमार बच्चों की पहचान तक ही सीमित नहीं रहेगा बल्कि इसका लक्ष्य समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना भी है ताकि कोई भी बच्चा उपचार से वंचित न रह सके। इस अवसर पर डीटीओ डॉ. राजीव हरिऔध, डीसीएम सुनील वर्मा, मीडिया प्रभारी सैयद फिरोज, जय सोनी, चेतन साहू सहित अन्य मौजूद थे।

### प्राथमिक इलाज उपरांत बच्चों को किया रेफर

# तीन अलग-अलग हादसों में 2 बच्चों सहित युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



मुख्यालय समीपस्थ हुए तीन अलग-अलग हादसों में 2 बच्चों सहित एक वाहन चालक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना में घायल बच्चों के प्राथमिक उपचार उपरान्त एक को झालावाड़ वहीं दूसरे को इंदौर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार पहला हादसा रविवार रात्रि करीब 10 बजे राजगढ़-ब्यावरा मार्ग पर हुआ। इस दुर्घटना में राजगढ़ से ब्यावरा तरफ जा रहे तूफान वाहन और सामने से आ रही कार में आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर में दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए, वहीं तूफान वाहन के चालक राहुल गुर्जर निवासी बेड़ाकापुरा को चोंट आई है। दूसरे हादसे में मोतीपुरा गांव निवासी निशा पुत्री रतन तंवर उम्र 12 वर्ष को अज्ञात बाइक सवार ने उस समय टक्कर मार दी जब वो अपनी मां के साथ खेत पर जा रही थी। घायल बालिका निशा को तुरंत अस्पताल लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार उपरान्त उसे झालावाड़ रेफर किया गया है।

### स्कूल के सामने बाइक ने मारी छात्र को टक्कर

एक अन्य हादसा सोमवार दोपहर नगर के राजेश्वर कान्वेंट स्कूल के सामने हुआ। इस दुर्घटना में स्कूल से निकलकर सड़क पर आए कौस्तुभ पिता भगवत जांगड़े को एक बाइक सवार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद कौस्तुभ को जिला अस्पताल लाया गया जहां से उसे इंदौर रेफर किया गया है।

# बरोड़ी चोरी का किया पर्दाफाश चार आरोपी गिरफ्तार, एक फरार



**कुरावर।** कुरावर पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए ग्राम बरोड़ी में हुई चोरी की घटना का एसडीओपी उपेंद्र सिंह भाटी ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का सामान एवं वाहन सहित करीब 7.75 लाख रुपये का माल बरामद किया है, जबकि एक आरोपी फरार है। सोमवार दोपहर 4 बजे थाना परिसर में विधायक मोहन शर्मा की उपस्थिति में एसडीओपी उपेंद्र सिंह भाटी एवं थाना प्रभारी संगीता शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी। विधायक ने कहा कि इस गिरफ्तारी से आने वाले समय में क्षेत्र में अपराधों पर अंकुश लगेगा और पुलिस टीम का मनोबल बढ़ा है। 9-10 जुलाई की रात ग्राम बरोड़ी में फरियादी किशोर नागर के सुन घर के ताले तोड़कर करीब 7 क्विंटल लहसुन, 3 क्विंटल गेहूं, तीन जलधारा मोटर, वनप्लस मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक तोलकांटा और अन्य सामान चोरी कर लिया गया था। घटना के बाद से ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी।

**यह हैं गिरफ्तार आरोपीः** मुजाहिद पिता बशीर खां, निवासी ग्राम इमलिया, थाना दोराहा, सीहोर, आशिक पिता हबीब खां, निवासी ग्राम अरवलिया, थाना इटखेड़ी, भोपाल। जावेद पिता वाहिद खां, निवासी ग्राम बोरसाना, थाना बैरसिया, भोपाल। आदिल पिता सादिक अली, निवासी ग्राम कारमेली, थाना शमशाबाद, विदिशा। इनसे चोरी का माल और वाहन चार पहिया व पल्सर बाइक जब्त किए गए हैं।



# भोले के दर्शनों के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**माचलपुर।** सावन माह के शुरुवात के साथ ही नगर के शिव मंदिरों में शिव भक्तों की तादाद लगातार बढ़ती जाती है। सोमवार को तो नगर के शिव मंदिरों में एक मेला सा लग जाता है। सुबह से भक्तो की पूजन दर्शन के लिए लंबी लंबी कतारें लग जाती है,जिनमे दूर दूर के श्रद्धालु भी शामिल होते है, क्षेत्र के सैकड़ो महिला पुरुष कावड़ यात्रा लेकर आते हैं और भगवान शंकर को जल अर्पित कर अपनी मनोकामना पूर्ति की कामना करते हैं।

**पुरातात्विक के साथ आध्यात्मिक रूप से भी नगर का बड़ा महत्व है !:** नगर को पुराने समय में हिमाचल नगरी भी कहा जाता था! ऐसी मान्यता है यहां माता पार्वती का मायका था और भगवान शंकर अपनी बारात यहां लेकर आए थे! जिनका विवाह के प्रतीक चिन्ह के रूप में आज भी यहां बाघा बल्डी पर सात फेरे बने हुवे है! साथ ही यहां स्वयंभू बाबा गुप्तेश्वर महादेव का प्राचीन मंदिर है! जो नगर वा क्षेत्र के लोगो के आस्था का प्रमुख केंद्र है जिसके बारे में कहा जाता है की यह करीब साढ़े तीन सो वर्ष पुराना है!ऐसा कहा जाता है की नगर के जागीरदार ठाकुर प्रेमसिंह द्वारा जब खेत में हल चलाया जा रहा था तब हल एक जगह जाकर रुक जाता ओर टूट जाता था! एक रात स्वप्न में भगवान शंकर ने संकेत दिया की में गुप्त रूप से वहा विद्यमान हु! सवेरे ठाकुर साहब द्वारा गांव वालो के साथ मिलाकर खेत में खुदाई करवाई तो वहां एक शिवलिंग दिखा शिवलिंग को बाहर निकालने के लिए जितनी खुदाई की जाती वो उतना ही नीचे चला जाता पर शिवलिंग का अंतिम छोर नहीं मिला तब उसी जगह मंदिर निर्माण का निर्णय लिया गया तबी से इनका नाम गुप्तेश्वर महादेव पड़ा।

### पुलिस ने पुरानी गल्ला मंडी से 8 जुआरी किए गिरफ्तार

**गुना।** पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशन में जिले में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में गुना कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पुरानी गल्ला मंडी परिसर से 8 जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से 10,700 रुपये की नकदी और ताश की एक गड्डी बरामद की है। जानकारी के अनुसार, गुना पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई थी कि पुरानी गल्ला मंडी के दुकान कॉम्प्लेक्स की छत पर कुछ लोग ताश के पत्तों पर रुपये की हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। इस सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं सीएसपी प्रियंका मिश्रा के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सी.पी.एस. चौहान के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर तत्काल दबिश दी गई। पुलिस टीम द्वारा बताई गई जगह की घेराबंदी कर छापा मारा गया, जहां 8 लोग जुआ खेलते हुए पकड़े गए। पकड़े गए आरोपियों में राशिद पुत्र अलीम कुरैशी (20) निवासी तेलघानी, अनिल पुत्र लक्ष्मीनारायण ग्वाल (23) निवासी नानाखेड़ी, श्याम पुत्र मगनदास बैरागी (46) निवासी नई सडक, रघुनाथ पुत्र विजय अहिरवार (58) निवासी बूढ़े बालाजी, भगवानदास पुत्र बालकदास बैरागी (60) निवासी जाटपुरा, गोविंदा पुत्र गोपाल रैकवार (32) निवासी जगदीश कॉलोनी, अमित पुत्र भूरेश परोछिया (28) निवासी मातापुरा केंट, और मोनू पुत्र राजू बाल्मीकि (30) निवासी छबड़ा कॉलोनी शामिल हैं। पुलिस ने मौके से 10,700 रुपये की नकदी और ताश की गड्डी जब्त करते हुए सभी आरोपियों के खिलाफ थाना कोतवाली में मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की है।

### शहर में सफाई की मांग को लेकर कांग्रेस ने दी चेतावनी

# स्वच्छता में फिसड्डी आने पर नगर पालिका सीएमओ को कांग्रेसियों ने पहनाई माला

### अगले 15 दिनों में सुधार नहीं हुआ तो फिर होगा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

विगत दिनों हुए स्वच्छता सर्वेक्षण में ब्यावरा नगर पालिका समूचे जिले में सबसे निचले पायदान पर रही। अधिकारियों की निष्क्रियता के चलते स्वच्छता अभियान में ब्यावर नगर परिषद ने निम्नतम प्रदर्शन करते हुए सबसे निचला पायदान हासिल किया और यहां शर्मनाक क्रम हासिल करके अधिकारियों ने अपनी आक्रमान्यता का परिचय दिया। इस बात की चर्चा नगर के हर चौक चौराहे पर एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगातार चल रही थी ओर यह हास्य परिहास का विषय बना हुआ था।



**फिसड्डी नगरपालिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का माला पहनाकर किया स्वागत :** इसी बात को लेकर के ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी ब्यावरा द्वारा पीछे से नंबर वन आने पर नगर पालिका के सीएमओ प्रशासक एवं अन्य कर्मचारियों का विरोध रूप में माला पहनाकर सम्मान किया गया। उक्त कार्यक्रम की विशेषता रही की कांग्रेस कार्यकर्ता एक जुलूस के रूप में बैंड बाजे के साथ में वैष्णो देवी मंदिर से चलकर मुख्य मार्ग से में मार्केट से होते हुए नगर पालिका पहुंचे और ढोल के साथ कर्मचारियों का अभिनंदन कर माला पहनाई। नगर पालिका परिसर में ही पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्र सिंह द्वारा अधिकारियों को खूब खरी-कोटी सुनाई एवं कमीशन खोरी और भ्रष्टाचार बंद करने की सलाह दी। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र यादव ने नगर पालिका को चेतावनी जारी की आगामी 15 दिन में यदि सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं की तो समस्त कांग्रेस पार्टी नगर पालिका के विरोध में उग्र आंदोलन करेगी।

### कांग्रेस ने दी सफाई व्यवस्था में सुधार लाने की चेतावनी

समस्त कांग्रेस परिवार ने नगर पालिका को चेतावनी जारी की है कि अब उनकी गलतियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और अगले 15 दिन में सफाई व्यवस्था में सुधार लाना होगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी जिला पंचायत अध्यक्ष चन्दर सिंह सोंधिया सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 20 वर्ष की उम्र में शहीद हुआ अग्निवीर हरिओम नागर



**सारंगपुर।** सियाचिन की हड्डियां जमा देने वाली ठंड और दुर्गम बर्फीले क्षेत्र में ड्यूटी करते हुए राजगढ़ जिले के सारंगपुर तहसील अंतर्गत टूटियाहेड़ी गांव निवासी 20 वर्षीय अग्निवीर सैनिक हरिओम नागर वीरगति को प्राप्त हो गए। बताया जा रहा है कि सियाचिन के रणक्षेत्र में बर्फ की भीषण लैंडस्लाइड की घटना में चार सैनिक बर्फ में दब गए थे, जिनमें से तीन ने शहादत दी। एक जवान की जान बचाई जा सकी। शहीद होने वालों में हरिओम नागर के अलावा एक जवान देवास जिले के निवासी हैं। शहीद हरिओम नागर की यह दुखद सूचना जैसे ही उनके पैतृक गांव टूटीयाहेड़ी और आसपास के क्षेत्रों में पहुँची, शोक की लहर छा गई। गांव में मातम पसरा है तो वहीं सोशल मीडिया पर श्भारत माता के वीर सपूतश को श्रद्धांजलियों का तांता लग गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल,राज्य मंत्री गौतम टेटवाल सहित कई नेताओं ने हरिओम को श्रद्धांजलि दी।

### 10 दिवसीय आवासीय आचार्य

# एकल का उद्देश्य विद्यालयों को बच्चों के पास पहुंचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

एकल अभियान राष्ट्र निर्माण के साथ सामाजिक परिवर्तन लाने में कार्यरत है। इसका उद्देश्य शिक्षित, स्वस्थ, स्वावलंबी, जागरूक, नशामुक्त, संगठित और सुरक्षित भारत का निर्माण करना है उक्त बात मुख्य वक्ता एकल सचिव विकास जैन नखराली ने टेकरी मंदिर हॉल में पर चल रहे एकल के 10 दिवसीय आवासीय आचार्य अभ्यास वर्ग में दूसरे दिवस के सत्र में आचार्यों का मार्गदर्शन करते हुए कही।

इस अवसर पर भाग कार्यालय प्रमुख विजय सिंह, एकल अंचल अभियान प्रमुख अर्जुन सिंह, पप्पू सिंह बंजारा, कल्याण बंजारा, सोनू व्यास प्रद्युम्न मीणा सहित अशोकनगर, उमरी, फतेहगढ़, बदरवास, आरोन, मारकी महू एवं जामनेर सचो के संच प्रमुख एवं आचार्य उपस्थित रहे। श्री जैन ने आचार्यों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि आज भारत को धर्मांतरण नक्सलवाद, माओवाद, आतंकवाद, गांवों से शहरों में पलायन, अशिक्षा, बीमारी, गरीबी आदि समस्याओं ने राष्ट्र को घेरा है, एकल एक प्रहरी के रूप में इन समस्याओं को दूर करने के लिए कार्यरत है।

जैन ने कहा कि एकल विद्यालय की पंचमुखी शिक्षा में शिक्षा, संस्कार, आरोग्य, ग्राम विकास और स्वावलंबन शामिल हैं। यह शिक्षा बच्चों के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित है, जिसमें शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, नैतिक और आध्यात्मिक पहलुओं का विकास शामिल है। एकल सचिव जैन ने कहा कि एकल का उद्देश्य ग्रामीण और जनजाति समाज के क्षेत्रों में रहने वाले जरूरतमंद बच्चों को विद्यालय तक नहीं जाना बल्कि विद्यालयों को बच्चों के घरों तक पहुंचकर उन्हें पंचमुखी शिक्षा से संस्कारित करने का काम एकल कर रहा हे।

**खबर संक्षेप**

## स्टार्टअप प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित



**आष्टा।** टैलेंट इनोवेटिव हायर सेकेंडरी स्कूल में मां हिंगलाज सेवा समिति व कर्मयोगी जनकल्याण संस्था के संयुक्त तत्वावधान में मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल के सहयोग से ट्रेनिंग फॉर ब्रिकेटिंग ऑफ वेस्ट मटेरियल एट हाउसहोल्ड लेवल इन रूरल एरिया एज़ अ स्टार्टअप प्रोग्राम विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में कचरे से ब्रिकेटिंग के माध्यम से स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन एवं रोजगार सृजन की संभावनाओं को उजागर करना था। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्राचार्य सुदीप जायसवाल ने दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में स्थानीय सामाजिक व शैक्षिक क्षेत्र से जुड़े अनेक जनों ने भाग लिया। प्रमुख रूप से सीहोर जिले की ग्राम पंचायतों से सरपंचों ने अधिक संख्या में सहभागिता की। कार्यशाला में प्रथम सत्र में डॉ. आकाश पटेल ने बताया कि ग्रामीण परिवारों में उत्पन्न कचरे से ब्रिकेटिंग कर हम पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ऊर्जा की उपलब्धता बढ़ा सकते हैं। यह तकनीक न केवल किफायती है बल्कि युवाओं के लिए स्वरोजगार का एक प्रभावी माध्यम भी बन सकती है। ग्रामीण युवाओं को इस तकनीक पर प्रशिक्षित कर स्टार्टअप प्रारंभ करने के लिए प्रेरित करना ही हमारा उद्देश्य है। इसके बाद वरिष्ठ तकनीकी कंसलटेंट केके कालरा ने पंचायतों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि पंचायतें शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने में मील का पत्थर साबित हो सकती हैं।

### सील होने के आठ दिन बाद ही खुल गई थी कीटनाशक की दुकान

# किसानों की जीतः नकली बीज-कीटनाशक बेचने वाले दुकानदार व कंपनी पर एफआईआर

दुकान खुलने से नाराज किसानों ने तहसील कार्यालय में शुरू किया था धरना, रात में भी जारी रहा, सुबह वरिष्ठ अधिकारियों की फटकार के बाद विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज हुआ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



स्थानीय किसानों को नकली फफूंदनाशक दवा विक्रय करने पर उत्पादक यूनिवर्सल एग्रो केमिकल इंडस्ट्रीज और स्थानीय विक्रेता अंबिका पाटीदार ट्रेडर्स पर आखिरकार अपराध दर्ज कर अंबिका ट्रेड्स का लाइसेंस निरस्त कर दुकान को भी सिल कर दिया गया है लिहाजा ऐसे में यह किसानों की बड़ी जीत मानी जा रही है। बीते 24 घंटे से तहसील कार्यालय परिसर में धरने पर बैठे आष्टा विधानसभा के किसानों को बड़ी राहत मिली है और उनकी मांग पर प्रशासन ने ध्यान देते हुए दवाई विक्रेता और दवाई कंपनी पर बड़ी कार्यवाही की है। जानकारी के अनुसार थाना आष्टा क्षेत्र अंतर्गत कृषकों को खराब गुणवत्ता की फफूंदनाशक दवा विक्रय करने के मामले में उत्पादक कंपनी एवं स्थानीय विक्रेता के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

यह कार्रवाई कृषि विकास अधिकारी आष्टा की जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई है। किसानों द्वारा सुपर-709 नामक फफूंदनाशक दवा की गुणवत्ता को लेकर शिकायत की गई थी। जांच में दवा का निर्माण यूनिवर्सल एग्रो केमिकल इंडस्ट्रीज नागपुर द्वारा किया गया था, जिसे अंबिका पाटीदार ट्रेडर्स, आष्टा के माध्यम से कृषकों को बेचा गया। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि उप संचालक कृषि सीहोर द्वारा संबंधित कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, किंतु कंपनी द्वारा कोई उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया। यह कृत्य कीटनाशी अधिनियम, 1968 की धारा 3(क), 17, 18 एवं 29 का स्पष्ट उल्लंघन है। उक्त तथ्यों के आधार पर थाना आष्टा में अपराध क्रमांक 362/25 धारा 118(4) BNS, 29 कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम की धाराओं में एफआईआर पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है। पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर में सुष्मिता राय प्रबंध निदेशक यूनिवर्सल एग्रो केमिकल इंडस्ट्रीज नागपुर,विश्वास गोवर्धन धोने सह-प्रबंधक, यूनिवर्सल एग्रो केमिकल इंडस्ट्रीज,मुकेश पाटीदार प्रोप्राइटर, अंबिका पाटीदार ट्रेडर्स को आरोपी बनाया गया है

### धरने पर बैठे किसान, कांग्रेस का साथ मिला, कृषि अधिकारी को लगाई फटकार

अपनी मांगों को लेकर सोमवार सुबह से शुरू हुआ किसानों का धरना मंगलवार को उनकी मांग पूरी होने पर जरूर समाप्त हो गया है लेकिन इस दौरान किसानों को एक रात भी परेशानी में गुजारनी पड़ी है और इस दौरान रात भर धरने पर बैठे किसानों को कांग्रेस का साथ भी मिला। और कांग्रेस नेता हरपाल सिंह ठाकुर रात में ही किसानों से मिलने तहसील कार्यालय परिसर में पहुंचे जहां उन्हानें किसानों के समर्थन में अधिकारियों से चर्चा की ।इस दौरान कृषि विभाग के उप संचालक को मोबाइल पर फटकार लगाते हुए भी नजर आए कांग्रेस नेता हरपाल ठाकुर।

### सुबह मामला हुआ दर्ज, शाम होते होते दुकान को भी किया सील

रात भर धरने पर बैठे किसानों को सुबह बड़ी सफलता मिली



जब उनकी परेशानी और मांग पर ध्यान देते हुए दवाई कंपनी ओर दवाई विक्रेता पर सुबह कृषि अधिकारियों ने पुलिस थाने में अपराधिक मामला दर्ज कराया! वही शाम होते होते अंबिका ट्रेड्स को भी तहसीलदार राम पगारे, कृषि विस्तार अधिकारी बहादुर सिंह मेवाडा की मौजूदगी में सील करने की कार्यवाही की है ।वही धरने पर बैठे किसानों का भी धरना प्रदर्शन समाप्त किया गया। इस दौरान किसानों के साथ धरने में कांग्रेस नेता हरपाल सिंह ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी, कमल सिंह चौहान, सौभाल सिंह ठाकुर,सुनील कटारा सहित किसान मौजूद रहे।

# सिविल अस्पताल में डॉक्टरों की खाली कुर्सियों का वीडियो वायरल

### एक्शन में आई रोगी कल्याण समिति बीएमओ ने गायबों को थमाए नोटिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सिविल अस्पताल की व्यवस्था सुधारने के लिए चाहे प्रशासनिक अधिकारी हो या स्वास्थ्य विभाग के मुखिया जितने प्रयास कर लें, लेकिन अधिकांश चिकित्सकों की मनमानी और स्टॉफ की लापरवाही रुकने का नाम ही नहीं ले रही है। डॉक्टरों की इस मनमानी का खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। ऐसे ही हालात सोमवार को देखने को मिले जब गर्भवती महिला मरीजों की भीड़ डॉक्टरों का इंतजार करने पर मजबूर दिखाई दी। इस दौरान तय समय पर ड्यूटी पर एक भी महिला डॉक्टर नजर नहीं आई जिसके कारण कुर्सियां खाली दिखाई दी और इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

### रोगी कल्याण समिति आई एक्शन में

सोमवार को सुबह 11 बजे तक ओपीडी में एक भी महिला चिकित्सक उपलब्ध नहीं थी। जबकि ओपीडी के बाहर गर्भवती महिला मरीजों की लम्बी कतार देखने को मिली। ऐसे में एक व्यक्ति ने वीडियो बनाकर मीडिया को भेज दिया। मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद रोगी कल्याण समिति के सदस्य उत्थान धारवा, सुरेश जैन, राजकुमार साहू एक्शन में आए और सिविल अस्पताल पहुंचे जहां ड्यूटी से नदारद डॉक्टरों पर एक्शन लेने के बीएमओ को निर्देश दिए।

### बीएमओ ने महिला डॉक्टरों को थमाए नोटिस

मामले की गंभीरता को देखते हुए बीएमओ डॉक्टर अमित माथुर ने महिला डॉक्टरों को भी नोटिस जारी कर तलब किया है। जिन महिला डॉक्टरों को नोटिस जारी किए गए हैं उनमें डॉक्टर माधवी राय, मेडिकल ऑफीसर, डॉ. हिनोपमा ठाकुर मेडिकल ऑफीसर, डॉ. शाईनी अंजूम युनानी मेडिकल ऑफीसर और डॉ. बुशरा सिद्धीकी, आयुष मेडिकल ऑफीसर शामिल हैं।

### रोगी कल्याण समिति ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव

सिविल अस्पताल के बीएमओ डॉक्टर अमित माथुर ने बताया कि रोगी कल्याण समिति की शिकायत और वायरल वीडियो के बाद मेरे द्वारा ओ.पी.डी. का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुछ डॉक्टर सुबह 10 बजे तक ड्यूटी से अनुपस्थित थे। जिसके कारण उपचार हेतु आये मरीजो को परेशान होना पड़ा, वहीं जनप्रतिनिधियों के समक्ष भी संस्था की छवि धूमिल हुई। इसके चलते सिविल सेवा आचरण नियम 1965 की कंडिका 1 (क (ब)) के विरूद्ध होकर कदाचार की श्रेणी में आता है। इस संबंध में अपना जवाब पत्र प्राप्ति के 02 दिवस में देने का नोटिस जारी किया गया है। इस दौरान रोगी कल्याण समिति के सदस्य उत्थान धारवा ने हमारे प्रतिनिधी को बताया कि हम अस्पताल की स्वास्थ सेवाओं को बेहतर करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आपके द्वारा संज्ञान में आते ही तत्काल अस्पताल पहुंचकर स्थिति को देखा जहां वाकई में डॉक्टर नहीं थे। ऐसे में हमने बीएमओ को सुझाव दिया कि यदि कोई डॉक्टर छुट्टी पर है तो उसकी टेबल पर प्लेट लगी रहे की डॉक्टर छुट्टी पर है। यदि डॉक्टर राउंड पर है तो टेबल पर प्लेट लगी रहे की डॉक्टर राउंड पर है।



## आष्टा युवा संगठन संस्था ने 16 बालिका को गणवेश का वितरण किया



**आष्टा।** नगर की शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में निर्धन 16 बालिकाओं को निःशुल्क गणवेश वितरित कि गई। इस अवसर पर ,सकल समाज के वरिष्ठ अनिल श्रीवास्तव ,पत्रकार किरण राका,पूर्व पार्षद नरेन्द कुशवाह ,विपिन सिंगी,प्राचार्य अर्चना माथुर ,रोहित तोमर ,मोहित प्रजापति, भगवती सोनी ,संगीता शुक्ला ,मंजू राठौर ,समता जेन, रीना टोप्पो,राकेश प्रजापति ,कमलेश विश्वकर्मा,देवराज नाटले राम चंद्र प्रजापति द्वारा

## बाबा भोलेनाथ की दूसरी पालकी का पूर्व पार्षद ने किया स्वागत



**आष्टा।** नगर में श्रावण मास के दूसरे सोमवार पर बाबा महाकाल राजा अपनी प्रजा का हाल- जानने निकले नगर भ्रमण पर नगर में सोमवार की सुबह से ही मंदिर शिवालय में गूंजे बम बम भोले के जयकारे बाबा भोलेनाथ के परम भक्तगण बड़ी संख्या में बाबा महाकाल के दर्शन एवं पूजन करने अपने-अपने घरों से माताएं बहने बड़ी संख्या में पालकी में विराजमान बाबा भोलेनाथ के दर्शन करने भक्तिजन उपस्थित हुए। वुधवारा में कुशवाहा समाज जिला अध्यक्ष व सकल हिंदू समाज कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा पूर्व पार्षद ने भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर श्रीफल भेंट किया मनोज कुशवाहा , सुशील कुशवाहा, अमरचंद कुशवाहा, प्रकाश कुशवाहा मामा, धन्नालाल कुशवाहा, पटेल दलकिशोर कुशवाहा एवं कुशवाह समाज के वरिष्ठ समाजसेवियों द्वारा गणेश मंदिर पुजारी जी का एवं भजन मंडली, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष, सकल हिंदू समाज अनिल श्रीवास्तव, कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा पूर्व पार्षद, अध्यक्षगण राधेश्याम सोनी, प्रेम नारायण जायसवाल, विजय खंडेलवाल, लखन विश्वकर्मा, मुकेश नामदेव, गोपाल पांचाल, महेश जाट, रमेश मालवीय, अरविंद रेकवाल, पवन यादव, मनीष डोंगरे, रवि कुशवाह, मांगीलाल सिसोदिया, सुधीर ताम्रकार, आदि का दुपट्टा डालकर व पुष्प वर्षा कर स्वागत सम्मान किया।

# सेना की ट्रेनिंग पूरी कर लौटे सलमान का जगह-जगह हुआ जोरदार स्वागत





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सरहद का रखवाला वीर जवान जब अपनी भारत भूमि की सुरक्षा के गुर सिख भारतीय सेना के ट्रेनिंग सेंटर से अपने शहर लौटा तो उस अपने लाल के लिए लोगों ने हाथों में फूल लिए स्वागत के लिए तैयार खड़े थे। आष्टा के इंदौर नाका ताज कालोनी निवासी स्वर्गीय इकबाल अंसारी का बेटा सलमान मंसूरी बेटा शनिवार को भारतीय सेना में 6 माह की ट्रेनिंग पूरी कर अपने गांव लौटा। इस दौरान शनिवार को सलमान मंसूरी का जगह जगह लोगों ने जमकर फूल माला स्वागत किया। इस दौरान अपने वीर सपूत के स्वागत के लिए लोग हाथों में फूल लिए तैयार खड़े थे । इस दौरान फौजी बेटे के शहर में प्रवेश करते ही एक तरफ तो फूलों की बारिश शुरू हो गई तो वहीं दूसरी जगह जगह पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया। फौजी सलमान मंसूरी जब भारतीय सेना की ट्रेनिंग पूरी कर ढोल ढमाकों के साथ अपने शहर पहुंचा तो शहरवासियों और मोहल्ले वालों ने अपने लाल का स्वागत किया। इस दौरान भावनात्मक पल भी देखने को मिल जब जवान सलमान मंसूरी ने अपनी मां को सेल्यूट कर अपनी फौज की केप पहनाई तो जवान की मां कि आंखों से आंसू बहने लग गए। ऐसे में जवान ने अपनी मां को गले लगाया तो मौजूद सभी लोग भावुक हो गए, तालियों से मां और बेटे का अभिवादन किया।

## भाजपा मंडल ने कावड़ यात्रा का किया स्वागत



**जावर।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा आयोजित कावड़ यात्रा के जावर आगमन पर भाजपा परिवार द्वारा भव्य स्वागत किया गया एवं चाय पानी की व्यवस्था की गई इस अवसर पर वरिष्ठ नेता बाबूलाल पटेल ,खुमान सिंह ,मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष जय सिंह ठाकुर, संजय अजमेरा, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वेद, उपाध्यक्ष तेज सिंह कप्तान, कमल सिंह,अजाप सिंह, पार्षद मदन विश्वकर्मा, वीरेन्द्र ठाकुर, महामंत्री राजा ठाकुर, कैलाश सोलंकी, धर्मेंद्र ठाकुर ,राजपाल सिंह, सुरेन्द्र सिंह, दयाराम परिहार, सौभाल सिंह, गोविंद राम मालवीय, भूपेंद्र सिंह ,सुमित ठाकुर, देवकरण पाठुंदीया, पवन मालवीय आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बहू परिषद की कार्यकारिणी का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



महिदपुर रोड परम पूज्य पीतांबर विजेता आचार्य यतींद्र सुरिश्वर द्वारा संस्थापित एवं पुण्य आचार्य जयंत सेन सुरी द्वारा अभिसिंचित एवं गच्छाधिपति आचार्य नित्य सेन सुरी जी एवं आचार्य जयरत्न सुरि जी द्वारा संचालित अखिल भारतीय राजेंद्र जैन बहू परिषद शाखा महिदपुर रोड कि नवीन कार्यकारिणी का गठन गत दिवस बहु परिषद की सभी सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। नवीन कार्यकारणी में अध्यक्ष मिताली भंडारी, उपाध्यक्ष उषा बरडिया, सचिव सपना मूणत, कोषाध्यक्ष अंकिता भंडारी, मीडिया प्रभारी पूजा भंडारी को सर्वानुमति से नियुक्त किया गया परिषद परिवार संस्था बहुमूल्य चार उद्देश्यों को लेकर कार्य करती है जिसमें समाज संगठन, धार्मिक शिक्षा प्रचार ,समाज सुधार एवंआर्थिक विकास के उद्देश्यों को लेकर सदैव प्रगति के पथ पर कार्य करते उत्तरोत्तर वृद्धि की ओर गतिशील रहती है। जैन श्री संघ अध्यक्ष अजय चोरडिया, सकल जैन श्री संघ, समाज के सभी वरिष्ठ जनों एवं नवयुवक, महिला बहू, तरुण, बालिका परिषद के साथियों ने नव नियुक्त पदाधिकारीयों एवं सदस्यों को मंगलमय शुभकामनाएं प्रेषित कर बधाइयां दी। श्री संघ ने कहां की आपकी परिषद सदैव संघ एवं समाज के कार्यों में अग्रणी बन कर जिन शासन एवं गुरु गच्छ की शोभा में निरंतर अभिवृद्धि करें। उक्त जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने दी।

### ग्राम पिपलिया, सालारसी, खेजड़ाखेड़ा के ग्रामीणों ने नदी में बैठकर कर किया जल सत्याग्रह

# आजादी से अब तक राजनेताओं ने विकास के केवल किए वादे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



जिले की आष्टा विधानसभा की पंचायत पिपलिया सालारसी खेजड़ाखेड़ा के ग्रामीणों ने पुल न होने की वजह से नदी में बैठकर जल सत्याग्रह प्रारंभ कर दिया। देश आजाद होने के बाद भी देश के किसान एवं ग्रामीण आज भी ऐसी स्थिति में जीने को मजबूर हैं। गांव के लोगों से चुनाव के वक्त नेता बड़े-बड़े वादे करते हैं एवं जैसे ही चुनाव समाप्त हो जाता है।

नेताओं को पुनः गांव पहुंचने में पांच साल लग जाता है। नेताओं के झूठे वादों से परेशान होकर ग्राम पंचायत पिपलिया, सालारसी, खेजड़ाखेड़ा के ग्रामीणों ने मिलकर पुल बनाने की मांग के लिए नदी के बीच में बैठकर जल सत्याग्रह प्रारंभ कर दिया है। गांव के लोगों का कहना है कि विगत एक वर्ष बीत चुका है नदी के पुल का भूमि पूजन हुए, लेकिन हमारे गांव में आज भी पुल नहीं बनाया गया है। जिसकी वजह से साल के 6 महीना सभी ग्रामीण एवं किसानों को नगरों में जाने के लिए लगभग 20 से 25 किलोमीटर घूम कर जाना पड़ता है। कई बार बीमार बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं को भी ले जाने में दिक्कतें हुई है। कई बार तो नदी में पानी होने की वजह से गर्भवती महिलाओं को अपनी जान भी करवानी पड़ी है। ऐसी विकट स्थिति हम सभी गांव के लोगों ने कई बार देखी एवं नेताओं के झूठे वादों से हम लोग परेशान हो चुके हैं। तथा सभी ग्राम के लोगों ने अब यह निर्णय ले लिया है कि जब तक हमारे पुल का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होता तब तक हम बीच नदी में जल सत्याग्रह करते रहेंगे। चाहे परिणाम कुछ भी हो। जब यह बात पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष जावर शैलेश कुमार वैद्य को पता चली तब उन्होंने गांव जाकर गांव के किसानों से और ग्रामीण जनों से चर्चा की। तब उनके इस भयानक दुख को देखकर मन बड़ा दुखी हुआ। पूर्व नपा अध्यक्ष वैद्य ने स्थिति को देखकर कहा कि यदि देश आजाद होने के बाद भी हमारे किसान दुखद स्थिति में है तो यहां बहुत ही शर्मनाक है। सरकार किसानों के लिए कई योजनाएं चलाती हैं, परंतु धरातल पर यदि ऐसी स्थिति देखने को मिल रही है तो यह सभी जिम्मेदारों के लिए विचार करने वाला विषय है। संपूर्ण ग्रामवासी एकता करके बीच नदी में जल सत्याग्रह कर रहे हैं। जिसमें मुख्य रूप से आचार्य हरि सिंह ठाकुर,अंकित सिंह ठाकुर, विजेंद्र सिंह ठाकुर, हरि सिंह मालवीय, मनोहर सिंह मालवीय, अरविंद सिंह ठाकुर, लोकेंद्र मालवीय, रतन सिंह मालवीय, हरनाथ सिंह मालवीय एवं भारी संख्या में महिलाएं तथा बच्चे जल सत्याग्रह कर रहे हैं।

# समाजसेवी पिता की मृत्यु पर बेटों ने रसोई प्रथा बंद करने की पहल कर दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



समाज सेवी कालूराम मालवीय के निधन पर उनके पुत्रो ने पिता की शिक्षा को मानकर मृत्युभोज नही करने का निर्णय लेकर 21 वी सदी में समाज को नई दिशा देने की पहल की। कालूराम पुराने समय के शिक्षित व समाज सेवी रहे हैं। उनके परिवार ने उनकी जीवित रहते हुए खूब सेवा की। उन्होंने बच्चो को शिक्षा दी की मरने के बाद मृत्युभोज नही करना। उनके इस कदम पर समाज में खूब प्रसंसा हो रही हैं।

आष्टा मे मुख्यमंत्री ने भी नुक्ता प्रथा पर रोक लगाने का निवेदन किया था। जिसे समाज और परिवार अपना रहा है। इस मृत्यु भोज में जो खर्च करते हैं। वह राशि परिवार समाज के बच्चो की शिक्षा में खर्च करना चाहिए। जिससे विकसित भारत का सपना साकार हों सके। अंबाराम मालवीय, प्रभुलाल मालवीय उच्च माध्यमिक शिक्षक के पिता कालूराम मालवीय तथा आशीष, महेश, रोहित सिंह मालवीय, राहुल सिंह मालवीय के दादा का 17 जुलाई को निधन हो गया। उनके निज निवास ग्राम ग्वाली, तह जावर पहुंच कर दिवंगत के फोटो पर पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक सवेंदना व्यक्त की।